हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 2 फरवरी 2024

06 दो दिन बाद खुली गोदाम में मिली सैकड़ों क्विंटल...



09 सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बच्चों में छिपी प्रतिभा को...





## विदिशा मंडी भाव

| उपज | निम्नतम | अधिकतम |
| --- | --- | --- |
| गेहूं शरबती | 2850 | 4750 |
| गेहूं 1544 | 2100 | 3100 |
| चना | 4800 | 5611 |
| मसूर | 5300 | 6281 |
| सोयाबीन | 3000 | 4530 |
| सरसों | 4500 | 5600 |
| धान | 2000 | 4026 |
| उड़द | 0000 | 0000 |
| तेवड़ा | 4960 | 5216 |
| उड़द | 0000 | 0000 |
| तुअर | 8350 | 8350 |
| वटरा | 7600 | 7600 |
| अलसी | 4200 | 4200 |

# 6 साल से शिक्षिका के अंगना में चल रहा सरकारी स्कूल, 18 बच्चे पढ़ने आते हैं

**बदहाल व्यवस्था: स्कूल भवन जर्जर होने के कारण बच्चों के बैठने लायक नहीं बचा, वरिष्ठ अधिकारियों को भी है जानकारी पर नहीं हुई कोई कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ग्यारसपुर/ हैदरगढ़

हरिभूमि पड़ताल

संकुल केंद्र हैदरगढ़ के जहीदगंज का प्राइमरी स्कूल 6 साल से टीचर के आंगन में लग रहा है। इस स्कूल में कक्षा 1 से 5 तक के 18 बच्चे दर्ज हैं। बच्चे रोज सुबह शिक्षिका के घर जाते हैं। आंगन में फर्स बिछाकर पढ़ाई करते हैं। जर्जर हो चुके स्कूल भवन में मवेशी बैठते हैं और ग्रामीण कंडे थोप रहे हैं। क्षेत्र में सीएम राइज स्कूल एवं पीएमश्री स्कूल बन रहे हैं। परंतु इन बच्चों को अभी तक साफ स्वच्छ स्कूल का भवन नसीब नहीं है। बारिश में यह बच्चे स्कूल की शिक्षिका मिथिलेश यादव के घर में एक कमरे में पढ़ाई करते हैं। शिक्षिका के घर में ही स्कूल कार्यालय एवं कक्षाएं चला रही हैं। यह है सरकारी स्कूलों की जमीनी हकीकत। दूसरा पहलू यह भी है की बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो इसलिए शिक्षिका ने बच्चों को अपने घर पढ़ाने बुलाया। ताकि बच्चों को अध्यापन कार्य जारी रहे। ऐसे शिक्षकों को शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को प्रोत्साहित करना चाहिए। जो समस्याओं से जूझकर भी बच्चों को शिक्षा दे रहे हैं। कई शिक्षक ऐसे भी हैं जो अल सुबह शहर से लंबा सफर कर गांवों तक पहुंचते हैं और शाम को स्कूल की छुट्टी होने के बाद देर शाम तक अपने घर पहुंचते हैं। दूरस्त क्षेत्र में शिक्षा दे रहे ऐसे शिक्षकों को भी शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को प्रोत्साहित करना चाहिए।



ग्यारसपुर। शिक्षिका के आंगन में बैठकर पढ़ाई करते सरकारी प्राइमरी स्कूल के बच्चे।



ग्यारसपुर। बैठने लायक नहीं बचा पुराना जर्जर भवन

संकुल केंद्र हैदरगढ़ के जहीदगंज के प्राइमरी स्कूल का भवन जर्जर होने के संबंध में जब बीआरसी नीरज गोस्वामी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि स्कूल के संबंध में मुझे जानकारी है। इसकी पूरी फाइल बनाकर हमने वरिष्ठ कार्यालय को भेज दी है। वहां से जैसे ही भवन की स्वीकृति आएगी तो भवन बनाया जाएगा। स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी ऐसे कार्यों पर ध्यान देना चाहिए और आगे आकर प्राथमिकता के साथ ऐसे कार्य कराने चाहिए। लेकिन अधिकारी एवं नेता बड़े बड़े निर्माण कार्यों में रुचि दिखाते हैं। संपन्न परिवार के लोग तो प्राइवेट स्कूलों में अपने बच्चों को पढ़ाकर अपने बच्चों का भविष्य सवार रहे हैं।

इधर शिक्षकों पर बच्चों को पढ़ाने के अलावा कागजी कार्रवाई का इतना काम सौंप दिया गया है की शिक्षक छात्रों को पढ़ाने के बजाय जानकारियां देने में व्यस्त रहते हैं। सरकारी स्कूलों में शिक्षा का स्तर गिरने का एक कारण यह भी है।

## खबर संक्षेप

### 5 फरवरी से 1 मार्च तक करा सकते हैं पंजीयन

**विदिशा।** रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जित करने के लिए किसानों की सुविधा के लिए पंजीयन प्रक्रिया निर्धारित की गई है। जिले में 126 केन्द्रों पर उपार्जन कार्य किया जाएगा । पंजीयन प्रक्रिया 5 फरवरी से 1 मार्च तक कि जाएगी । किसान निःशुल्क पंजीयन के लिए तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र, ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र, जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र, सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र, एमपी किसान एप पर किसान पंजीयन 5 फरवरी से 1 मार्च तक निःशुल्क कर सकते हैं।

### राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्राची ने किया प्रतिनिधित्व



**विदिशा।** जिले की हैंडबॉल खिलाड़ी प्राची सेन का चयन 45 वी राष्ट्रीय जूनियर हैंडबॉल बालिका में हुआ। खिलाड़ी ने बिहार के सारण में 26 से 31 जनवरी तक आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। इस उपलब्धि पर जिला हैंडबॉल संघ अध्यक्ष संदीप डोंगर सिंह, हैंडबॉल नोडल सेंटर प्राचार्य खजान सिंह कोच अविनाश निगम, अमित मांझी, प्रिया बमुरिया, पंकज भार्गव, फुटबॉल कोच रविकांत नामदेव, बास्केटबॉल सचिव अशीष मोदी सहित खेल परिवार ने बधाई दी है।

### मोदी सरकार के अंतरिम बजट पर शहर के जनप्रतिनिधियों ने दी प्रतिक्रिया

# कांग्रेस की नजर में निराशाजनक, भाजपाईयों ने बजट को गांव, गरीब, महिलाओं के हित में बताया

केंद्र सरकार ने गुरुवार को अंतरिम बजट पेश किया। अंतरिम बजट तब पेश किया जाता है जब आगामी कुछ माह में चुनाव आने वाले होते हैं। चुनाव के बाद जब स्थाई सरकार बनेगी तब बजट लाया जाएगा। इसलिए अंतरिम बजट में कोई नया कर नहीं लगा सकते। इस तरह पूर्व बजट की तरह 45 लाख करोड़ रुपये का ही प्रावधान किया गया है। मप्र के पूर्व वित्तमंत्री राघवजी ने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि अंतरिम बजट में कुछ नए प्रावधान किए गए हैं, जिनकी चर्चा समूचे देशभर में हो रही है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

गुरुवार को मोदी सरकार का अंतरिम बजट पेश किया गया। इस बजट को लेकर शहर में राजनीतिक दलों की अलग-अलग प्रतिक्रिया सामने आई है। भाजपा जहां इस बजट को गांव, गरीब और महिलाओं के हित में बता रही है, तो वहीं शहर में कांग्रेस के कद्दावर नेता इस बजट को निराशाजनक बताते हुए अपने अलग तर्क दे रहे हैं।

शहर के कांग्रेसी नेताओं का कहना है की मोदी सरकार के अंतरिम बजट में किसानों और युवाओं की उपेक्षा की गई है। महंगाई और बेरोजगारी दूर करने के लिए कोई कदम नहीं उठाए गए हैं। वहीं भाजपाईयों का कहना है की बजट में स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रसंसनीय निर्णय मोदी सरकार ने लिए हैं। जिससे गरीबों और ग्रामीणों को लाभ देने का प्रयास किया गया है। विकसित भारत के लिए कई नई योजनाओं की भी घोषणा की गई है।

#### पब्लिसिटी स्टंट के अलावा कुछ नहीं




बजट निराशाजनक है। पब्लिसिटी स्टंट के अलावा कुछ नहीं। शाइनिंग इंडिया, अच्छे दिनों के वादों की तरह अब सिर्फ विकसित भारत का नया नारा आ गया। महंगाई और बेरोजगारी को कम करने कोई भी ठोस योजना नहीं है। शिक्षा और स्वास्थ्य की उपेक्षा हुई है। किसानों की आमदनी दुगनी करने के लिए कोई प्रावधान नहीं। किसानों और युवाओं की उपेक्षा हुई है। - **प्रतापभानु शर्मा,** पूर्व सांसद

#### बजट में स्वास्थ्य की चिंता प्रशंसनीय



मोदी सरकार का दसवां बजट वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने पेश किया। उसमें 2 करोड़ नए प्रधानमंत्री आवास अगले 5 साल में बनाने की घोषणा की है। साथ ही 3000 आईटीआई एवं 15 नए आईआईटी कॉलेज के साथ स्वास्थ्य की दृष्टि से 15 नए एम्स हैस्पिटल के साथ भारत विकास के लिए कई नई योजनाओं की घोषणा की गई है जो स्वागत योग्य है। - **राजेश जैन,** प्रदेशाध्यक्ष भारतीय उद्योग व्यापार मंडल

#### आयकर स्लैब में कोई परिवर्तन नहीं



टैक्स कलेक्शन में ढाई गुना तक वृद्धि के बावजूद आयकर के स्लैब में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। इनफ्रास्ट्रक्चर बजट में बढ़ोत्तरी आशाजनक है। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किये प्रावधान बढ़िया है। अनुसंधान के मामले में फोकस और किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में ठोस कदम उठाये जा सकते हैं। **मनीष जोशी,** चार्टर्ड एकाउंटेंट

#### उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाया है



उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकार ने कार्पोरेट टैक्स को 30 प्रतिशत से 22 प्रतिशत कर दिया। दूसरी ओर गरीबों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया। 3 करोड़ महिलाओं को लखपति बनाने का झूठा सपना दिखाया गया है, जो जुमला साबित होगा। किसानों से 2700 रुपए प्रति क्विंटल खरीदी करने का वादा करके सरकार 2275 के पंजीयन करा रही है। सरकार जीएसटी का ज्यादा कलेक्शन करने का दावा तो कर रही है लेकिन राज्य सरकारों के साथ न्याय नहीं कर रही है। महंगाई, बेरोजगारी कम करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया। निराशाजनक बजट है। -**शशांक भार्गव,** पूर्व विधायक विदिशा

#### अंतरिम बजट में पहली बार नये प्रावधान



80 करोड़ लोगों को नि:शुल्क राशन देना जारी रहेगा। लखपति दीदी योजना के तहत अभी तक 2 करोड़ महिलाओं को लिया जा चुका है। इस बार 1 करोड़ को लेने का लक्ष्य रखा है। रेलवे के 40 हजार कोच बदले जाएंगे। मालगाड़ियों की गति एवं आवागमन में तेजी लाने रेलवे में तीन नए कॉरीडोर बनायंगे। आधारभूत विकास के लिए बजट में 11.11 लाख करोड़ की बढ़ोत्तरी की गई है। पहली बार ऐसा हो रहा है कि केंद्र सरकार ने बजट में राज्यों को बिना ब्याज पर कर्ज देने के लिए 75 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। खेती के मामले में फसल कटाई के बाद की व्यवस्थाओं में सुधार लाने के लिए विशेष कदम उठाने की बात कही है। जिसमें भंडारण, विपणन, सपोर्ट प्राइज में बड़े कदम उठाए जा सकते हैं। -**राघवजी भाई,** पूर्व वित्तमंत्री

### वर्ष 2023-24 की दसवीं व बारहवीं की परीक्षा

# 76 परीक्षा केन्द्र, 76 कलेक्टर प्रतिनिधि नियुक्त 22 रिजर्व में

**109 केंद्राध्यक्ष तथा 1219 पर्यवेक्षक नियुक्त, परीक्षा हेतु कंट्रोल रूम का गठन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

माध्यमिक शिक्षा मण्डल की सत्र 2023-24 की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षायें क्रमशः 5 एवं 6 फरवरी 2024 से प्रारंभ हो रही हैं। कलेक्टर उमाशंकर भार्गव के द्वारा हाईस्कूल व हायर सेकेंडरी की परीक्षाएं सुव्यवस्थित व पूर्ण पारदर्शी निष्पक्ष रूप से संपन्न कराए जाने हेतु कुल 98 कलेक्टर प्रतिनिधि बनाये गए हैं। इनमें से 76 कलेक्टर प्रतिनिधि नियुक्त किए गए हैं, जबकि 22 को रिजर्व में रखा गया है। परीक्षा हेतु जिले के लिए कंट्रोल रूम का गठन भी किया गया है। जिसका नंबर 07592-250637 है। परीक्षा हेतु जिले में कंट्रोल रूम प्रभारी एपीसी आरएमएस राजकुमार चौहान को बनाया गया है, जिनका मोबाइल नंबर 9340716328 है।

कलेक्टर श्री भार्गव ने बताया कि जिले में कुल 76 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें 109 केंद्राध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं, जो केंद्र संख्या से 20 प्रतिशत अतिरिक्त हैं। इसी प्रकार परीक्षा केंद्रों पर नियुक्त पर्यवेक्षकों की कुल संख्या 1219 है।

# गर्मी का होने लगा अहसास दिन व रात का तापमान बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

मौसम के मिजाज में लगातार उतार चढ़ाव देखने को मिल रहा है। पिछले 6 दिनों से आसमान में बादल छाने के बाद ठंड से राहत मिलने लगी थी। गुरुवार को आसमान में बादल नहीं दिखाई दिए। जिसके चलते खिली धूप निकलने से तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिली। जनवरी महीने के आखरी सप्ताह से लोगों को तेज ठंड से राहत मिली लगी है। हालांकि मौसम में आए बदलाव का विपरीत प्रभाव फसलों पर पड़ रहा है। मसूर के पौधे पीले पड़ रहे हैं और चने में सड़न की समस्या आ रही है। किसान अपनी फसलों को बचाने के लिए कीटनाशक दवा का उपयोग कर रहे हैं। गुरुवार को अधिकतम तापमान 26 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं आज शुक्रवार को अधिकतम तापमान 25 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री रहने की संभावना है। मौसम विभाग की माने तो अब आसमान में बादल छटने के बाद तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी।

# महीनेभर मनाएंगे नोबल विजेता सत्यार्थी का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

नोबल विजेता कैलाश सत्यार्थी का जन्मदिन इस बार उनके गृह नगर विदिशा में एक माह तक मनाया जाएगा। 11 जनवरी को जन्मदिन था और एक माह तक सेवा कार्यों के माध्यम से जन्मदिन मनाने के लिए एक समिति बनाई है।

डॉ राजेश बंसल संयोजक हैं और अनिल पुरोहित अध्यक्ष हैं। शहर के जाने माने हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ सुनील किरार सचिव और विपिन शर्मा सहित घनश्याम बंसल सलाहकार की भूमिका निभा रहे हैं। वरिष्ठ समाजसेवी देवेश आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि मंदबुद्धि बच्चों के बीच मिठाई बांटकर जन्मदिन की खुशियां मनाई गईं। सार्वजनिक भोजनालय में पहुंचकर रुचिकर भोजन परोसकर भी नोबेल विजेता श्री सत्यार्थी के जन्मदिन मनाया गया। आयोजन समिति में डॉ केतन मेहरा, डॉ सौरभ दीक्षित, डॉ अशोक राजपूत, कैलाश चौहान, ब्रह्मा सिंह वर्मा, राकेश ठाकुर, उमेश शर्मा, अनिल वर्मा, रवि उपाध्याय, पीएन आर्य, आरती मेर, एडवोकेट शबनम खान को शामिल किया गया है। समिति के द्वारा सत्यार्थी जी के जन्मदिन की खुशी में ठंड में कंबल वितरण से लेकर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी आयोजित किये हैं।



# कलेक्टर ने तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

कलेक्टर उमाशंकर भार्गव गुरुवार सुबह अचानक शमशाबाद तहसील में पहुंच गए। यहां मौजूद आवेदकों से भी उन्होंने बात की। कलेक्टर श्री भार्गव ने राजस्व महा अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों का जानकारी ली।

कलेक्टर ने तहसीलदार समेत अन्य राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अभियान अवधि के दौरान जिन बिन्दुओं का क्रियान्वयन किया जाना है। उन मामलो में शमशाबाद तहसील पिछड़ न जाए, इसका विशेष ध्यान रखते हुए राजस्व संबंधी तमाम कार्यों का क्रियान्वयन समय सीमा में कर आवेदकों को अभियान संचालन से लाभांवित करें। कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय एवं तहसील कार्यालय, शमशाबाद में कार्यालय की व्यवस्थाओं के साथ-साथ रिकार्ड संधारित पंजी का भी अवलोकन किया। साथ ही उन्होंने राजस्व महा अभियान तहत क्रियान्वित कार्यों का भी जायजा लिया है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि राजस्व महा अभियान तहत संपादित किये जा रहे कार्यों में हम किसी भी प्रकार से पिछड़ें ना का विशेष ध्यान रखें। कलेक्टर श्री भार्गव ने राजस्व महा अभियान तहत संपादित किए जा रहे कार्यों के संबंध में अधिकारियों को निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने तहसील कार्यालय के निरीक्षण के दौरान कार्यालय में अलमारी को खुलवाया और लंबित प्रकरणों की फाइलों का अवलोकन कर शत प्रतिशत निराकरण कराए जाने हेतु निर्देशित किया।



# गांधी प्रतिमा पर अनिशिचतकालीन धरना शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

ग्यारसपुर तहसील सहित जिलेभर के अनेकों ग्रामीणों ने अपने अधिकारों को लेकर गांधी प्रतिमा पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सुभाष बोहत ने अपने संबोधन में कहा कि अनुसूचित जाति, जनजाति अल्पसंख्यक समुदाय, सहित उच्च जातियों के गरीब निर्धन व्यक्तियों, पिछड़े वर्ग के व्यक्तियों के साथ लगातार अत्याचार शोषण हो रहा है। मप्र की सरकार पूरी तरह खोखली हो चुकी है। विभागों में वेतन पांच-पांच माह से नहीं मिल पाया है। हर विभाग में लोगों का शोषण हो रहा है। करोड़ों अरबों रुपए के काम रुक गए हैं। इस अवसर पर जिला कांग्रेस प्रवक्ता अरुण अवस्थी ने कहा कि हम सब मिलकर अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के अधिकारों की लड़ाई लड़ने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे और रोड़ों से लेकर मंत्रियों तक जहां भी हमें इन वर्गों के साथ जाना होगा हम हर व्यक्ति के साथ खड़े होंगे। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महामंत्री हाजी नदीम जावेद खान ने संबोधित करते हुए कहा कि सभी वरिष्ठ नेताओं को हर गरीब अनुसूचित जाति जनजाति के व्यक्ति के साथ उनकी समस्याओं के निराकरण में कदम मिलाकर चलना चाहिए।




# रोजगार दिवस कार्यक्रम में 1488 हितग्राही लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

जिला स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के सभागार कक्ष में हुआ है।

राज्य स्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में मुरैना जिले में आयोजित हुआ। जिसका सीधा प्रसारण जिला स्तरीय कार्यक्रम में भी किया गया। जिसे कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व हितग्राहियों के द्वारा देखा सुना गया। कार्यक्रम में 1488 हितग्राहियों को 14 करोड़ 4 लाख की राशि का स्वीकृति, वितरण किया गया है। इस कार्यक्रम में विदिशा विधायक मुकेश टंडन शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री टंडन सहित अन्य अधिकारियों के द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व कन्या पूजन कर किया गया।

विधायक मुकेश टंडन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज विभिन्न परिवारों को सीधा रोजगार इस कार्यक्रम के माध्यम से मिल रहा है उन्होंने कहा कि पूर्व के समय की बात करें तो आम व्यक्ति को अपना स्वयं का उद्योग, व्यापार प्रारंभ करने हेतु ऋण प्राप्त करने के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाना पड़ते थे, लेकिन आज केंद्र व राज्य सरकार द्वारा आम जनों को स्वयं का उद्योग व्यापार प्रारंभ करने के लिए ढूंढ-ढूंढ कर ऋण मुहैया करा रही है। अभी हाल ही में प्रधानमंत्री ने नवीन पीएम विश्वकर्म योजन शुरू की गई है।

उन्होंने आगे कहा कि परिवार आत्मनिर्भर होगा तभी प्रदेश और देश की प्रगति होगी। विधायक श्री टंडन ने प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान योजना, तीर्थ दर्शन योजना, लाडली लक्ष्मी, लाड़ली बहना योजना समेत अन्य योजनाओं पर विस्तृत प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि यह सभी योजनाएं आम नागरिकों के हित में चलाई जा रहे हैं।




विदिशा। रोजगार दिवस पर कार्यक्रम में शामिल जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-4250
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-1905
उच्चतम भाव-3270
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव-2280
उच्चतम भाव-2434
चना
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-5530
मसूर
न्यूनतम भाव-4850
उच्चतम भाव-6380
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2760
उच्चतम भाव-4565
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-4350
उच्चतम भाव-4810
सरसों
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-5830
उड़द
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-8340
धान
न्यूनतम भाव-1200
उच्चतम भाव-4080
ज्वार
न्यूनतम भाव-1000
उच्चतम भाव-6201
धना
न्यूनतम भाव-5260
उच्चतम भाव-5500
तुअर
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-8760
बटरी
न्यूनतम भाव-4100
उच्चतम भाव-5410
मूंग
न्यूनतम भाव-6300
उच्चतम भाव-6300

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से बडी संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 19356 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

# जून माह तक बनकर तैयार हो जाएगा बेदनखेड़ी पुल, किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

लगभग जून माह तक बेदनखेड़ी पुल का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। शासकीय मापदंड के आधार पर तैयार हो रहे इस पुल के बन जाने के बाद यहां का आवागमन सरल और सुलभ हो जाएगा। गुरुवार को सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य को देखा और संतुष्टि जाहिर की। सांसद प्रतिनिधि ने बेदनखेड़ी पहुंचकर निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर वे अन्य लोगों के साथ आदित्य परिसर के नाले का विवाद सुलझाने भी पहुंचे। यहां कुछ लोगों का कहना था कि निजी भूमि में से नाले का निर्माण कार्य ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है। इसके बाद मौके पर तहसीलदार को बुलवाकर नपती कराई गई और सरकारी जमीन पर नाला निर्माण को चालू रखने के निर्देश दिए गए। ज्ञात हो की आदित्य परिसर नाला 20 फीट चौड़ा और 10 फीट गहरा है। इसके बन जाने के बाद बरसात के दिनों में जल निकासी की समस्या दूर हो जाएगी और कई वार्डों में जल भराव की समस्या से भी नागरिकों को निजात मिल जाएगी। मौके पर वार्ड पार्षद मनीष विश्वकर्मा, पटवारी दिनेश नरवरिया, विजय अग्रवाल, मनोज गोयल, ठेकेदार दिव्य प्रताप, नीरज जैन आदि मौजूद थे। नगर पालिका प्रशासन द्वारा पाराशरी का गहरीकरण तो करवा दिया गया था और फिर बाद में नागरिकों की मांग पर नपा अध्यक्ष शशि अनिल यादव द्वारा बेदनखेड़ी पर पुल का निर्माण कार्य कराए जाने के भी निर्देश दे दिए गए थे। इसके बाद पुल का निर्माण कार्य तेजी के साथ चालू करवा दिया गया है और इंजीनियर सौरभ श्रीवास्तव की मार्गदर्शन में यह कार्य कराया जा रहा है। पुल के बन जाने के बाद बरसात में आवागमन जस का तस बना रहेगा। नपाध्यक्ष द्वारा नगर में कराए जा रहे कार्यों की लोग भूरी-भूरी प्रशंसा कर रहे हैं।






## एसडीएम के निर्देश पर मंडी समिति दल ने की जांच

# दो दिन बाद खुली गोदाम में मिली सैकड़ों क्विंटल जिंस, ट्रैक्टर जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

ग्राम गंज स्थित रिषभ ट्रेडर्स की गोदाम जिसे गत दिवस प्रशासनिक कार्रवाई के डर से संचालन बंद कर भाग गए थे, वह गोदाम गुरूवार को खुल गई और गोदाम खुलने के कुछ देर बाद ही मंडी समिति की टीम गोदाम की जांच के लिए पहुंच गई, लेकिन इस बार भी कार्रवाई की सूचना संचालक को पहले ही मिल गई और उसने गोदाम में रखे अधिकांश माल को ट्रैक्टर ट्रॉलियों की मदद से निकलवाकर अन्यत्र रखवा दिया। उधर मंडी समिति को जांच के बाद लगभग एक हजार क्विंटल मात्रा की जिंस की गडबडी मिलने की जानकारी प्राप्त हुई है। अब इस जांच रिपोर्ट के आधार पर मंडी सचिव ही आगामी कार्रवाई करेंगे।

ज्ञात हो कि मंडी में पंजीकृत फर्म रिषभ ट्रेडर्स की गोदाम ग्राम गंज में स्थित है। इस गोदाम पर संचालक नियमों की अनदेखी कर मंडी परिसर से बाहर जिंसों की फुटकर खरीदी भी करते हैं। इसी गोदाम में सार्वजनिक वितरण प्रणाली यानि राशन के चावल रखे होने की सूचना पर मीडिया ने मंगलवार की शाम को प्रशासन को सूचना दी थी, लेकिन सभी अधिकारी कार्रवाई में असमर्थता जताते रहे। बुधवार को कलेक्टर उमाशंकर भार्गव को शिकायत के बाद एसडीएम विजय राय के निर्देश पर मंडी, राजस्व, पंचायत, खाद्य विभाग की टीम कार्रवाई के लिए मौके पर पहुंची थी, लेकिन तब तक कार्रवाई की जानकारी मिलते ही फर्म संचालक गोदाम में ताला लगाकर भाग निकले थे। इसके बाद प्रशासनिक अमला पंचनामा बनाकर लौट आया था। इस बीच रात में और गुरूवार की सुबह संचालक ने चुपचाप गोदाम खोलकर उसमें रखा अधिकांश माल ट्रैक्टर ट्रॉलियों से अन्यत्र पहुंचा दिया। इस बीच दोपहर में गोदाम खुलने की सूचना के बाद एसडीएम के निर्देश पर मंडी निरीक्षक शंभूसिंह रघुवंशी के नेतृत्व में मंडी अधिकारियों का एक दल मौके पर जांच के लिए पहुंचा। जहां करीब तीन घंटों की जांच में गोदाम में 324 क्विंटल सोयाबीन, 210 क्विं गेहूं, 17 क्विंट से अधिक मसूर, चना 19 क्विं, 27 क्विंटल से अधिक उडद, ज्वार 11 क्विं, मक्का 6 क्विं सहित अन्य जिंसें मिली थीं। जिसका पंचनामा तैयार कर मंडी का जांच दल वापस लौट गया। बताया जाता है कि मंडी पोर्टल के अनुसार फर्म की खरीदी बिक्री और गोदाम में पाई मात्रा के आरंभिक मिलान में करीब एक हजार क्विंटल से अधिक मात्रा की जिंसों की हेराफेरी का मामला सामने आ रहा है। फिलहाल इस मामले में अधिकृत जानकारी और कार्रवाई की स्थिति मंडी सचिव के आने के बाद ही पता चल सकेगी।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि मंडी परिसर से बाहर फुटकर जिंस खरीदी को अब नियम बनाकर बंद कर दिया गया है। संबंधित गोदाम संचालक नियम के विरूद्ध धडल्ले से जिंसों की फुटकर खरीदी करता आ रहा है। कुछ माह पूर्व भी इसी संचालक की गोदाम में करीब साढे तीन सौ क्विंटल मात्रा में चावल और अन्य जिंसें रखी पाई गई थीं। तब प्रशासन ने देर रात तक कार्रवाई की थी। इसके बावजूद मंडी प्रशासन ने फुटकर खरीदी की रोकथाम के प्रयास नहीं किए।

इस संबंध में मंडी निरीक्षक शंभूसिंह रघुवंशी का कहना था कि जांच में रिषभ ट्रेडर्स की गोदाम में बडी मात्रा में सोयाबीन, गेहूं, मसूर, चना आदि रखा मिला है। यह रिपोर्ट मंडी सचिव को सौंपी जाएगी। जिसके बाद पोर्टल पर दर्ज रिकॉर्ड से इसका मिलान कराया जाएगा। यदि जिंस की हेराफेरी या गडबडी पाई जाएगी, तो मंडी टैक्स का पांच गुना जुर्माने के रूप में व्यापारी से वसूला जाएगा।







### चोरी छिपे निकल गया सैकडों क्विंटल माल, लावारिस हालत में खड़ी मिली जिंस से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली, पुलिस ने की जब्त

गंजबासौदा। संबंधित फर्म एवं गोदाम संचालक की गोदाम की जांच में प्रशासन हीला हवाली चर्चा का विषय बनी हुई है। मंगलवार की शाम को सूचना के बाद भी अधिकारी कार्रवाई में असमर्थता जताते रहे। जिसका फायदा उठाते हुए गोदाम संचालक ने मंगलवार की रात ही बडी मात्रा में गोदाम में रखी जिंस को बाहर परिवहन करा दिया। इसके बाद बुधवार को भी प्रशासनिक टीम पहुंचने के पहले ही सूचना पाकर गोदाम संचालक ताला लगाकर भाग निकला और देर शाम तक गोदाम नहीं खुली। इसके बाद बुधवार की रात और गुरूवार की सुबह चोरी छिपे गोदाम खोलकर फिर से ट्रैक्टर ट्रॉलियों से जिंस गोदाम से बाहर पहुंचाई गई। गुरूवार को दोपहर में भी मंडी अधिकारियों की टीम के पहुंचने के पहले ही गोदाम संचालक ने एक बार फिर ट्रैक्टर ट्रॉलियों में भरवाकर जिंस को गोदाम से बाहर करवा दिया। इस तरह सैकडों क्विंटल जिंस कार्रवाई के पहले ही गोदाम से बाहर कर दी गई। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यदि समय पर जांच होती तो गोदाम में कितनी मात्रा में जिंस मिलती।

उधर ग्राम गंज में रिषभ ट्रैडर्स की गोदाम के पास ही स्थित एक ईंट भट्टे पर कोई अज्ञात चालक जिंस के बोरों से भरा ट्रैक्टर ट्रॉली क्रमांक एमपी 04 एच 3643 खडा कर भाग निकला। ईंट भट्टा संचालकों ने जब लावारिस हालत में बोरों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली लावारिस खडी देखी तो इस लावारिस ट्रैक्टर के संबंध में जिला परिवहन अधिकारी गिरजेश वर्मा को कई बार फोन किए गए, लेकिन उन्होंने फोन ही रिसीव नहीं किया। जबकि वाट्सएप पर वे सक्रिय थे। इस बीच भट्टा संचालकों ने पुलिस को सूचित कर ट्रैक्टर ट्रॉली को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। देहात थाना पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रॉली को अपनी अभिरक्षा में रखवा लिया है। इस संबंध में देहात थाना प्रभारी हरिकिशन लोहिया का कहना था कि लावारिस मिले ट्रैक्टर ट्रॉली को 25 पुलिस एक्ट के तहत अभिरक्षा में लिया गया है। अब उसके मालिक के आने पर उससे दस्तावेज मांगे जाएंगे और उसके बाद ही मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की जाएगी। माना जा रहा है कि यह वाहन एवं जिंस भी गोदाम संचालक की ही है।

# आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर कुर्मी समाज ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरुवार को कुर्मी समाज द्वारा मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम विजय राय को एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कहा गया है कि विगत सप्ताह उज्जैन जिले की तराना तहसील के माकडान में कुछ आसामाजिक तत्वों के द्वारा लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा तोड़ने को लेकर कुर्मी समाज में नाराजगी देखी जा रही है। आसामाजिक तत्वों द्वारा लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जिन्होंने 565 रियासतों को एक किया। ऐसे महापुरुष के साथ इस प्रकार का कृत्य जघन्य अपराध है। महापुरुष की प्रतिमा ट्रैक्टर से बांधकर तोड़ी गई। उपद्रवियों ने आगजनी की और पथराव किया। इसमें कई लोग घायल हुए। दुकानों में भी तोड़फोड़ की गई। ज्ञापन में कहा गया कि सरदार पटेल किसी एक समाज के नहीं किंतु पूरे राष्ट्र की धरोहर हैं। इस प्रकार की घटना से सर्व समाज का अपमान है। मांग करते हुए कहा गया है कि ऐसे आसामाजिक तत्वों पर रासुका की एवं भारतीय दंड संहिता की धारा लगाकर तुरंत जेल भेजा जाए एवं आरोपियों के मकान तोड़े जाएं। सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा को पुनः स्थापित किया जाए। जिस ट्रैक्टर से प्रतिमा को तोड़ा गया उसे ट्रैक्टर को राजसात किया जाए। भविष्य में किसी महापुरुष की प्रतिमा ,चित्र या नाम को अपमानित करने पर कठोर दंड का प्रावधान लागू किया जाए। यह मांगे तीन दिवस में पूरा नहीं होने पर प्रदेश में आंदोलन की चेतावनी भी दी गई। इस मौके पर कुर्मी समाज के अनेक लोग मौजूद थे। वहीं इसी मामले को लेकर त्योंदा में भी कुर्मी समाज के नागरिकों ने गुरुवार को सीएम के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। जिसमें आरोपियों पर शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने के दौरान भैरो सिंह कुर्मी, रघुवीर सिंह कुर्मी, राधा रमन गौर ,गौरब कुर्मी, भारत कुर्मी, मुकेश पटेल ,अभिषेक पटेल ,रोशन पटेल ,अमित कुर्मी ,रामबल सिंह कुर्मी सहित बडी संख्या में कुर्मी समाज के नागरिक उपस्थित थे।

### छात्र, छात्राओं ने किया विद्यालय का भ्रमण

**गंजबासौदा।** बुधवार को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं को नवीन व्यावसायिक शिक्षा योजना के अंतर्गत स्कॉलर्स पब्लिक स्कूल में शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण कराया गया। जिसमें विद्यालय के स्टाफ द्वारा आईटी कंम्प्यूटर लैब, लाइब्रेरी, भौतिक, रासायनिक, जीव विज्ञान, प्रयोगशाला आदि पर विस्तार से छात्राओं को मार्गदर्शन दिया गया एवं साथ ही साथ रोजगार कौशल एवं आईटी के विभिन्न क्षेत्र एवं महत्व के बारे में समझाया गया। विद्यालय की ओर से प्राचार्य महेशचंद शर्मा एवं आईटी व्यवसायिक प्रशिक्षक मिथुन प्रजापति के द्वारा स्कॉलर पब्लिक स्कूल के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया गया। विद्यालय के उपप्राचार्य ऋषिराज श्रीवास्तव ने विषय चुनाव पर व्याख्यान दिया। संजय श्रीवास ने आईटी क्षेत्र में रोजगार एवं अवसर की जानकारी दी और दिलीप विश्वकर्मा द्वारा लाइब्रेरी का महत्व बताया गया। इस अवसर पर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के अनेक छात्र-छात्राएं मौजूद थीं।

## खबर संक्षेप

### गेहूं उपार्जन पंजीयन 5 फरवरी से 1 मार्च तक

**गंजबासौदा।** रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जित करने के लिए किसानों की सुविधा के लिए पंजीयन प्रक्रिया निर्धारित की गई है। उपार्जन हेतु नियुक्त नोडल अधिकारी एवं जिला आपूर्ति अधिकारी रश्मि साहू ने बताया कि जिले में 126 केन्द्रों पर उपार्जन कार्य किया जाएगा। पंजीयन प्रक्रिया 5 फरवरी से 1 मार्च तक कि जाएगी। किसान निःशुल्क पंजीयन के लिए तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र, ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र, जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र, सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र, एमपी किसान एप पर किसान पंजीयन 5 फरवरी से 1 मार्च तक निःशुल्क कर सकते हैं।

## स्कूली विद्यार्थियों ने दी एक से बढकर एक रंगारंग प्रस्तुतियां

# आईपीएस में आयोजित हुआ दिव्य श्री राम उत्सव






हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के प्रतिष्ठित सीबीएसई स्कूल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य विषय श्री राम उत्सव था। जिसमें स्कूली विद्यार्थियों ने एक से बढकर एक रंगारंग प्रस्तुतियां देकर सबका मन मोह लिया।

आईपीएस स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग (भारत सरकार) के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने की। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी जीपी राठी, एसडीम विजय राय, एसडीओपी मनोज मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य बृजेश रघुवंशी उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भगवान राम एवं माता सरस्वती की पूजन अर्चन के साथ किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने संपूर्ण रामचरित्र की मनमोहक झांकियां एवं अन्य सुंदर प्रस्तुतियों से सभी अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल में अध्ययनरत ऐसे विद्यार्थियों जिन्होंने पढाई, खेल कूद एवं अन्य गतिविधियों में राज्य स्तर तक उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, उन्हें भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र सहित जिले भर के कई नागरिक मौजूद रहे।



# प्रशिक्षण में विद्यार्थी सीख रहे गुर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पिछले एक पखवाड़े से लगातार शासकीय संजय गांधी स्नाकोत्तर महाविद्यालय के विद्यार्थी रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण के साथ आत्मनिर्भरता के गुरु भी सीख रहे हैं। उक्त प्रशिक्षण शिविर स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना शिक्षा विभाग के अंतर्गत 20 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मणि मोहन मेहता ने बताया कि विद्यार्थी इस प्रशिक्षण से रोजगार से जुड़ी जानकारी भी एकत्रित कर रहे हैं उन्होने विद्यार्थियों को अपने उद्बोधन में स्वरोजगार एवं उसकी महत्ता से अवगत कराया। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वरोजगार से संबंधित व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित अतिथियों ने स्वरोजगार से संबंधित जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की। प्रशिक्षण में रोजगार कार्यालय अनुरूप चतुर्वेदी करियर काउंसलर ने विद्यार्थियों को विपणन प्रबंधन एवं विक्रय कला आदि के गुर सिखाए। प्रोफेसर रितु बघेल ने विद्यार्थियों को सही प्रारूप में प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाना बताया। इस मौके पर महाविद्यालय के डॉ. नरेंद्र कुमार, सुमनलता गुप्ता, सरिता घेंघट, बीके प्रजापति, विजय शाक्य, एल एन दुबे, डॉ. सपना श्रीवास्तव, आरडी जाटव सहित समस्त महाविद्यालयीन स्टाफ उपस्थित था।

# पुलिया से नीचे गिरने से बचा उपज से भरा ट्रक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा


गुरुवार को वेदनखेड़ी के पास पारासरी नदी पर बनी अस्थाई पुलिया पर गेंहू से भरा ट्रक ड्राइवर की सतर्कता से नदी में गिरने से बाल बाल बच गया।

यहां उल्लेखनीय है की बेदनखेड़ी में पारासरी नदी पर नए पुल का निर्माण किया जा रहा है। आवागमन की सुविधा के लिए निर्माण स्थल के पास ही पुराव करके अस्थाई पुलिया बनाई गई है। जिससे वाहनों का आना जाता होता रहता है। गुरूवार को भी इस पुलिस से एक उपज से भरा एक ट्रक निकल रहा था, तभी सामने से आए ट्रैक्टर ट्रॉली को साइड देते समय ट्रक पुलिया के किनारे पर पहुंच गया। जहां की मिट्टी धंसकने से ट्रक एक ओर झुक गया। लेकिन चालक की सूझबूझ से ट्रक पुलिया से नीचे गिरने से बच गया। उधर पुलिया पर ट्रक के फंस जाने से दोनो ओर दो पहिया, चार पहिया सहित अन्य वाहनों की लंबी कतारें लग गई। महाराणा प्रताप चौक पर पुलिस ने बड़े वाहनों के लिए मार्ग को डायवर्ट कर राजेंद्रनगर रूट से निकलवाया। देर शाम तक ट्रक को बड़ी मशक्कत से बाहर निकाला गया, तब कहीं जाकर यातायात शुरू हो सका।

## ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिक महोत्सव

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बच्चों में छिपी प्रतिभा को निखारने का काम कर रही संस्थाः जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज






▶ बाल कलाकर संस्कृति गौतम ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन, गूंजी तालियां, जमा रंग

नगर के पामाखेड़ी चौराहा स्थित ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष राजीव जैन सैनानी ने कहा कि संस्था षिक्षा का प्रसार-प्रसार अच्छी तरह कर रही है। जिन छात्रों के स्कूल में एडमिषन है उन बच्चो को संस्था ने षिक्षा की मुख्यधारा से जोडा है।

ऐसे कई छात्र है जिनके पास प्रतिभा तो है लेकिन उन बच्चों को अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए कोई मंच नही मिल पाता। उन्ही बच्चों को प्रतिभा निखारने का काम संस्था की प्रबंधन समिति व प्राचार्य एंव स्टॉफ द्वारा किया जा रहा है। जिससे कि ऐसे कई बच्चे उभर कर आ रहें है जो कि आने वाले समय में देष व प्रदेष में सिरोंज शहर का नाम रोषन करेगें। जिन बच्चों ने सांस्कृतिक में प्रस्तृति दी वह बच्चे वास्तव में तारीफ के काबिल है। वही कार्यक्रम की विषेष अतिथि वरिष्ठसमाज सेविका श्रीमति अमृता गौतम ने अपने उद्बोधन में कहा कि वास्तव में आज में बड़ी खुष हो की। जिन छोटे छोटे बच्चों ने अपनी कला के माध्यम से जो सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तृति दी यह बहुत ही कम देखने को मिलती है। यदि सभी माता-पिता अपने बच्चों को पढाई के साथ साथ खेलकूंद व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेकर अपनी कला का प्रदर्शन करने दे तो शहर के ऐसे कई बच्चों जो परिवार का सहयोग ने मिलने से पीछे हट जाते है वही बच्चों देष व दुनिया में अपने माता-पिता के नाम के साथ अपने शहर व प्रदेष में नाम रोषन कर सकते है। यदि बच्चो को अपने परिवार का सहयोग मिले तो वह हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कई ऊचाईयों पर पहुच सकते है। वही उन्होने कार्यक्रम में उपस्थित परिजनों को बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रमों व अन्य गतिविधियों में आगें बडानें की बात कही।

### राम मंदिर की थीम से सजाया मंच

संस्था के अध्यक्ष व वरिष्ठ समाजसेवी उमेष सक्सेना,समाजसेविका श्रीमति शोभा सोनी,प्राचार्य श्रीमति गरिमा सोनी ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष राजीव जैन सैनानी,वरिष्ठ समाजसेविका श्रीमति अमृता गौतम,पत्रकार शैलेन्द्र रघुवंषी,सलमान अमीन,सुनील नगीना,अंकेष पटेल आदि का वृक्ष भेंट कर सम्मान किया गया। वही कार्यक्रम में बाल कलाकार संस्कृति गौतम ने आर्कषक नृत्य की प्रस्तृति देकर सभी का मनमौह लिया। देशभक्ति के साथ कई राज्यों के गानों पर छोटे-छोटे बच्चों ने नृत्य किया एवं वृक्ष नहीं काटने एवं मोबाइल एडिक्शन लेख को लेकर नाटक के माध्यम से संदेश दिया एवं खेल में जिला स्तर एवं संभाग तक खेलने गए बच्चों को भी अतिथियों द्वारा मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही विद्यालय द्वारा मंच को हस्त कला द्वारा राम मंदिर की थीम बनाकर सजाया गया। इस अवसर पर ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल ने अपने विद्यालय की विशेषताएं बताते हुए अभिभावकों को बच्चों के भविष्य के लिए कई विशेष बातें बताई जिससे कई क्षेत्रों में बच्चे अपना भविष्य बना सकते हैं और अंत सभी शिक्षकों ने राष्ट्रीय गान गाकर कार्यक्रम का समापन किया। वही कार्यक्रम के अंत में संस्था की प्राचार्य श्रीमति गरिमा सोनी ने आभार व्यक्त किया।

# राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए आदर्श ताइक्वांडो क्लब के तीन खिलाड़ी रायपुर रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



छत्तीसगढ़ के रायपुर में आयोजित 37 वी राष्ट्रीय सब जूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता जो कि 2 फरवरी से 5 फरवरी तक रायपुर शहर में आयोजित की जाएगी।

प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश ताइक्वांडो टीम में शामिल आदर्श ताइक्वांडो क्लब सिरोंज के तीन खिलाड़ी इस राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसी माह के 23 से 24 जनवरी 2024 को आयोजित 35वी राज्य स्तरीय सब जूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता में विदिशा जिले की टीम से खेलते हुए आदर्श ताइक्वांडो क्लब के तीन खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीतकर मध्य प्रदेश टीम में अपना स्थान पक्का किया था। राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में बालिका वर्ग में कुमारी निमिषा जाटव,वजन वर्ग अंडर 18 किलोग्राम,एवं बालक वर्ग में नवनीत जाट,वजन वर्ग अंडर 23 किलोग्राम,और समर्थ दिनकर वजन वर्ग अंडर 25 किलोग्राम शामिल है ये तीनो ही खिलाड़ी 37वीं राष्ट्रीय सब जूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिसको लेकर बुधवार को तीनों खिलाड़ी सिरोंज बस स्टैंड से भोपाल के लिए रवाना हुए भोपाल से शाम 4 बजे अमरकंटक एक्सप्रेस से रायपुर छत्तीसगढ़ के लिए मध्य प्रदेश टीम के साथ निकलें। उक्त जानकारी आदर्श ताइक्वांडो क्लब की कोच सरदार सिंह कुशवाह द्वारा दी गई।

## शुभचिंतकों ने व्यक्त किया हर्ष

# भारतीय मानवाधिकार संगठन के जिला अध्यक्ष बने डॉक्टर वसीम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड भारतीय मानवाधिकार संघठन के अध्यक्ष सौरव बेरा द्वारा पुनः डॉक्टर वसीम को विदिशा जिले का भारतीय मानवधिकार संघठन का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया। डॉक्टर वसीम पिछले एक वर्ष से जिला अध्यक्ष पद पर रहकर कार्य कर रहे थे, उनके कार्य को देखते हुए भारतीय मानवधिकार संघठन के अध्यक्ष सौरभ बेरा ने पुनः जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है, डॉक्टर वसीम के जिला अध्यक्ष बनने पर विदिशा प्रेस क्लब के नगर अध्यक्ष वसीम अख्तर,इमरान, पूर्व सरपंच ज़फर खान, मुस्लिम त्यौहार कमेटी के ब्लॉक उपाध्यक्ष शब्बू गोरी, वेकल्पिक चिकित्सा संघ के जिला अध्यक्ष डॉक्टर चंद्रेश सैनी,वाजिद कुरैशी, निज़ाम खान, वाहिद गोरी, अर्जुन, मयंक सोनी,आदि लोगों ने बधाई दी है।

## न्यू एरा कोंचिग संस्थान ने किया विदाई समारोह का आयोजन

# समय की पाबंदी को महत्व देते हुए जिसने समय को पकड़ लिया वह आगे बढ़ जाता हैः मन्नू ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



न्यू एरा कोंचिग संस्थान द्वारा महामाई माता मंदिर पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कोंचिग संस्थान के कक्षा 12वी के छात्र-छात्राओं का विदाई दी गई।

इस अवसर पर कोचिंग संचालक मन्नू ठाकुर ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वाकई में विदाई का पल दुखदाई होता है, लेकिन मैं आप सबको कोचिंग से विदा तो नहीं कर रहा हूं पर विधि के विधान के अनुसार आगे आप सभी छात्र-छात्राओं का भविष्य उज्जवल हो इस बात को ध्यान में रखते हुए विदाई दी जाती है। आप सभी अच्छी तैयारी के साथ परीक्षा दें और अच्छा रिजल्ट बनाए यही मेरी शुभकामना है। सभी छात्र-छात्राओं के लिए कोचिंग का दरवाजा हमेशा खुला है। कभी भी महसूस होने पर कोचिंग आकर मिलें और अपनी समस्या को रख सकते हैं। वही उन्होने कहा कि आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। आप अभी 12वीं की परीक्षा देने जा रहे हैं तन मन से पढ़ाई करें और अपना रिजल्ट अच्छा करें । आप सबमें प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। चाहे वह पढ़ाई का क्षेत्र हो या खेल कूद का हो या कला कौशल का प्रतिभा के क्षेत्र में इस कोचिंग संस्थान के पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं अव्वल हैं। सकारात्मक सोच के साथ नदी की पानी की तरह आगे बढ़ें सफलता अवश्य मिलेगी। वही उन्होने कहा कि समय की पाबंदी को महत्व देते हुए जिसने समय को पकड़ लिया वह आगे बढ़ जाता है। कठिन परिश्रमी करें और हमेशा अच्छा करने की सोच रखें। देश और राष्ट्र के लिए कुछ करने की मन में चेष्टा बनाए रखकर आगे की तैयारी करें देश का भविष्य आपके कंधों पर है। वही संस्था के छात्र-छात्राओं द्वारा अनेक गतिविधियों जैसे कि पौधा रोपण एंव सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में कोचिंग संचालक मन्नू ठाकुर द्वारा भोजन का आयोजन किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ षिक्षक गजेन्द्र यादव,षिक्षक कमलेष कुषवाह सहित बडी संख्या में छात्र-छात्राए मौजूद रही।

# मौसम बदलने से फसलों में लगा रोग इल्ली के प्रकोप से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



जोरदार ठंड फसलों के लिए लाभप्रद मानी जाती है परंतु बार-बार मौसम बदलना, आसमान में बादलों के छा जाने से दलहन की फसलों में इल्ली पैदा होने गेहूं की फसलों में रोगों का प्रकोप होने लगा है। आसमान में पिछले दो दिनों से बादलों का डेरा बना हुआ है। दिनरात जोरदार ठण्ड में सूर्यदेवस के दर्शन नहीं हो पा रहे है।

मॉ नर्मदा एवं विन्ध्य पर्वत के बीच मैदान क्षेत्र की उदयपुरा, देवरी, बरेली, बाड़ी तहसील में हजारों किसानों का मुख्य व्यवसाय कृषि है। किसानों द्वारा खरीफ सीजन में धान का लाखों कुन्टल उत्पादन किया जाता है। रवि सीजन में किसानों द्वारा मुख्य रूप से गेहूं की खेती की जाती है। जिस प्रकार बार-बार मौसम बदल रहा है। आसमान में घने बादलों का डेरा जम रहा है। उससे फसलों की सेहत बिगड़ रही है। उत्यादिधक ठण्ड के प्रकोप से पौधों पर आया फूल फल भी झडने सूखने की नुकसानदायक स्थिति बन रही है। क्षेत्र में वृहद स्तर पर विभिन्न प्रकार की हरी सब्जियों के साथ टमाटर की खेती भी किसानों द्वारा की जाती है। मौसम के कारण उत्पादन में भारी कमी और भावों में तेजी बनी हुई है। जैसे ही आसमान में बादलों का डेरा जमा, तापमान कुछ बढने की स्थिति बनी, लम्बे समय से शीत का प्रकोप बना हुआ है। मौसम बदलने का सीधा असर फसलों पर पडन्ना शुरू हो गया है। जड़ माहू रोग, पत्ती पीला पड़ कर झडन्ने के साथ रसचूसक कीड़ों का प्रकोप फसलों पौधों पर होते ही किसान फसलों की सुरक्षा के लिए महंगे कीटनाशकों का उपयोग कर रहे है। बादलों के असर से दलहन की फसलों में इल्ली पैदा होना शुरू हो जाने से किसान परेशान नजर आ रहे हैं।

**बच्चों को वितरण की स्वेटरः ग्यारसपुर।** मानोरा में एकीकृत माध्यमिक शाला में स्कूल के सेवानिवृत्ति पूर्व प्रधान अध्यापक दीपचंद साहू ने छात्रों को स्वेटर वितरण किए। इस दौरान स्कूल के सभी बच्चों के द्वारा पूर्व प्रधान अध्यापक का आभार व्यक्त किया। इस दौरान ग्राम मानोरा की सरपंच उषा यादव, महेंद्र सिंह रघुवंशी, सूरज रघुवंशी, प्रीतम सिंह कुशवाह, शैलेंद्र रघुवंशी, रितु श्रीवास्तव, महाराज सिंह सूर्यवंशी, अब्दुल रहीम ,महेंद्र सेन ,राम सिंह कुशवाह, उमेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# बच्चों के चिकित्सकों की संस्था उत्कृष्ट कार्यों के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



बच्चों के चिकित्सकों की संस्था आईएपी के उत्कृष्ट कार्यों के लिए राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस कोची में देशभर की सर्व श्रेष्ठ शाखा के तीसरे अवार्ड के रूप में चयन किया गया है।

उक्त अवार्ड का चयन शाखा द्वारा नवजात शिशुओं , बच्चों और किशोर युवाओं के स्वास्थ्य हितैषी कार्यों के लिए चयन कर राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जीवी बसवराजा, सचिव डॉ योगेश पारिख, पूर्व अध्यक्ष डॉ उपेन्द्र किंजवाड़ेकर, प्रेसिडेंट इलेक्ट डॉ बसंत खालिटकर, अन्य राष्ट्रीय अतिथियों ने शाखा अध्यक्ष डॉ एमके जैन, सचिव डॉ सुरेंद्र सोनकर, वरिष्ठ सदस्य डॉ आकाश जैन को सम्मान पूर्वक एवं ट्रॉफ़ी प्रदान कर एमपी आईएपी अध्यक्ष डॉ एससी जेठी और प्रेसिडेंट इलेक्ट डॉ महेश माहेश्वरी की उपस्थिति में सम्मानित किया गया है। विदिशा आईएपी नव गठित संस्था है और विदिशा, बसोदा, सिरोंज, रायसेन और बरेली सहित कुल 19 आजीवन सदस्यों तथा 4 सहयोगी सदस्यों की एक छोटी शाखा है। शाखा अध्यक्ष डॉ एम के जैन ने बताया कि इस उपलब्धि पर संस्था के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ नीति अग्रवाल का कुशल मार्गदर्शन और सचिव डॉ सुरेंद्र सोनकर कोषाध्यक्ष डॉ दीपक उईके तथा वरिष्ठ सदस्यों डॉ राजेंद्र मज़ेजी , डॉ इमरान एच बोहरा डॉ आर के जैन , डॉ नवीन शर्मा डॉ राम गोपाल मालानी डॉ के एम गोयल , डॉ सुमत जैन , डॉ आकाश जैन , डॉ शरद गेडाम ,डॉ प्रियशा त्रिपाठी डॉ प्रमोद मिश्रा ,डॉ महेंद्र बाजोरिया, डॉ सुरेश अग्रवाल, डॉ आलोक राय ,डॉ राकेश अहिरवार, डॉ सुरेंद्र रघुवंशी , डॉ मयूरा मौर्य, डॉ हेमंत यादव आदि सभी सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा है।

# आंगनबाड़ी की कार्यकर्ताओं ने धरना देकर किया प्रदर्शन, सीएम के नाम ज्ञापन दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा




भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश व्यापी आव्हान पर उपस्थित सभी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं एकत्रित होकर जिला कलेक्टर ऑफिस पहुंचकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन संयुक्त कलेक्टर राजेश गुप्ता को सौंपा।

महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत कार्यरत सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं और मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को पिछले दो माह से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है जबकि हर माह की 5 तारीख तक मानदेय का भुगतान किया जाना सुनिश्चित किया जाए जैसा कि शासन के आदेश हैं। आंगनबाड़ी केंद्र जो किराये के भवन में संचालित हो रहे हैं उनका भवन किराया प्रति माह की 5 तारीख तक भुगतान कराया जाए। केंद्र शासन के आदेशानुसार मिनी मिनी आंगनवाड़ी केंटो को पूर्ण केंद्र में उन्नयन कर मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को पूर्ण कार्यकर्ता बनाते हुए सहायिका सहित समस्त सुविधाएं प्रदान की जाए।

वर्ष 2022 एवं 23 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं और मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को यूनिफॉर्म की राशि प्रदान नहीं की गई है जिसको शीघ्र प्रदान कराया जाए। आंगनबाड़ी केन्द्रो के संचालन संबंधित सभी सामग्री आंगनबाड़ी केंद्र पर ही उपलब्ध कराई जाए टी एच आर के बैग को परियोजना कार्यालय से केन्द्रो तक परियोजना व्यय पर ही भिजवाया जाए।

## नाबालिग को 5 माह बंधक बनाकर रखा

**हरिभूमि न्यूज. बरेली।** एक नाबालिग को निकाह के नाम पर पत्नी बना और बंधक बना कर अपने घर में रखा जब नाबालिग गर्भवती हो गई तो आरोपी आसिफ ने गोली खिला कर उसका गर्भ गिरा दिया। नाबालिग की रिपोर्ट पर आरोपी आसिफ के विरुद्ध पुलिस ने विभिन्न धाराओं का प्रकरण दर्ज कर तलाश की जा रही है। नाबालिग, निकाह के नाम पर महिनों शारिरिक शोषण का शिकार होती रही। गर्भवती हो गई पति आसिफ को बताया तो उसने गोलिया खिलाकर बच्चा गिरा दिया, भार्गव कॉलोनी निवासी आसिफ उर्फ अस्सू के घर से किसी प्रकार भागकर नाबालिग अपने घर पहुंची और परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। उपनिरीक्षक नेता अहिरवार द्वारा नाबालिग पीड़िता की रिपोर्ट पर आसिफ उर्फ अस्सू खान के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के अंतर्गत प्रकरण दर्ज करने की कार्यवाही की गई।

**-जाहिर सूचना-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति नसरीन कुरैशी पति श्री सईद कुरैशी निवासी गली नं. 1, खरीफाटक, विदिशा तह. व जिला विदिशा म.प्र के द्वारा मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड शाखा विदिशा से लोन प्राप्त करने हेतू आवेदन प्रस्तुत किया है उनके द्वारा एक मकान जिसका क्षेत्रफल 560 वर्गफिट है जो कि शेरपुर मुंजक्षा, वार्ड नं. 31, गली नं. 1, खरीफाटक रोड, पीतलमील चौराहा विदिशा तह. व जिला विदिशा म.प्र. में स्थित है उक्त मकान जिसकी चतुर्थ सीमाए इस प्रकार हैं पूर्व में सुरेश आचार्य का मकान पश्चिम में विशन चौकसे का मकान, उत्तर में प्रस्तावित रास्ता; दक्षिण में दीवान सिंह एवं मनोज जैन का मकान है उक्त मकान वर्तमान में शासकीय रिकार्ड में श्री सौदान सिंह पुत्र श्री नारायण सिंह निवासी ग्राम भैंरोखेड़ी, तह. व जिला विदिशा म.प्र. के नाम पर दर्ज है उक्त मकान-उक्त मकान की पूर्व स्वामी श्रीमति मिश्री बाई पत्नि श्री हजारीलाल निवासी विदिशा, तह. व जिला विदिशा म. प्र. से 1. सौदान सिंह 2. दीवान सिंह 3. पदम सिंह पुत्रगण नारायण सिंह 4. पुतरीबाई पत्नि नारायण सिंह निवासी ग्राम भैरोखेड़ी, तह. व जिला विदिशा म.प्र. के द्वारा दिनांक 03.04.1978 को क्रय किया गया था जिसका रजिस्ट्री / ग्रंथ नं. 48 है। उक्त मकान का विक्रय अनुबंध किया जा रहा हिस्सा पारिवारिक बंटवारे में श्री सौदान सिंह पुत्र श्री नारायण सिंह निवासी ग्राम भैंरोखेड़ी, तह. व जिला विदिशा म.प्र. को प्राप्त हुआ है जिसको उनके द्वारा श्रीमति नसरीन कुरैशी पति श्री सईद कुरैशी निवासी गली नं. 1, खरीफाटक, विदिशा तह. व जिला विदिशा म.प्र. को विक्रय अनुबंध किया गया है। उक्त मकान को क्रय करने हेतु श्रीमति नसरीन कुरैशी पति श्री सईद कुरैशी निवासी गली नं. 1, खरीफाटक, विदिशा तह. व जिला विदिशा म.प्र. द्वारा लोन प्राप्त करने हेतु मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड शाखा विदिशा में आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं उक्त मकान पर किसी व्यक्ति या संस्था का किसी प्रकार का हक या आपत्ति हो किसी भी प्रकार का कोई हक आदि हो तो वह उक्त सूचना प्रकाशन के सात दिवस के अंदर मेरे कार्यालय स्थित क्रांति चौक होमगार्ड ऑफिस के पीछे विदिशा जिला विदिशा म.प्र. मे आकर आपत्ति दर्ज करायें ऐसा ना करने की दशा मैं मेरा पक्षकार कम्पनी उक्त संम्पत्ति पर लोन प्रदान करने अग्रसर होगी समयावधि के बाद किसी प्रकार की दावा आपत्ति स्वीकार नहीं होगी ।

**भवदीय आशीष श्रीवास्तव (एडवोकेट)**
**क्रांति चौक होमगार्ड ऑफिस के पीछे**
**विदिशा, जिला विदिशा म.प्र.**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी शमशाबाद, जिला-विदिशा (म.प्र.)**

प्रकरण क्रमांक 0069/अपील/2023-24

कल्पना चौहान पत्नि अमरसिंह चौहान निवासी-चूना भट्टी कृषक- भरनाखेडा
................................अपीलांट

बनाम

ग्याबाई पुत्री स्व. नारायण सिंह, सावित्रीबाई पत्नि नारायणसिंह, विपताबाई, संतोष पुत्रीयां नारायणसिंह, वर्षा पुत्री नारायण समरसिंह, दयाबाई पत्नि दातारसिंह निवासी ग्राम बामनखेडी कमलाबाई पत्नि हटोराम कुशवाह निवासी ग्राम इमलानी तहसील सिरोंज शारदाबाई पत्नि नर्वदाप्रसाद कुशवाह निवासी ग्राम कटरा मोहल्ला, सिरोंज कृषक भरनाखेडा .................. उत्तरवादीगण

-: **सूचना** :-

एतद् द्वारा सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है, कि अपीलांट कल्पना चौहान पत्नि अमरसिंह चौहार कृषक ग्राम भरनाखेडा द्वारा अधिनस्थ न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 0586/अ-6/2022-23 आदेश दिनांक 08.08.2023 के विरूद्ध इस न्यायालय में अपील प्रस्तुत की है। अपील प्रकरण में आगामी तिथि दिनांक 06.02.2024 नियत है। अतः आप नियत दिनांक को स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में नियमानुसार आगामी कार्यवाही की जावेगी। आज दिनांक 30.01.2024 को न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी**
**शमशाबाद**

## सेवाभारती बाल संरक्षण आयोग के संयुक्त तत्वावधान में लगा शिविर, राज्यमंत्री बोलेः प्रत्येक पात्र को मिलेगा योजनाओं का लाभ

# 15 दिव्यांगों को ट्रायसाइकिल दीं, 17 विभागों के लगे स्टाल

### आठ सौ आए आवेदन दो सौ को दिया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली




थाना प्रांगण में गुरूवार को बाल संरक्षण आयोग एवं सेवा भारती के संयुक्त तत्वावधान में शिविर का आयोग किया गया। शिविर में 17 सरकारी विभागों द्वारा स्टाल लगा कर समस्याओं के निराकरण का प्रयास किया। शिविर में 823 आवेदन आए जिनमे से 203 पात्र लोगों को लाभ दिया गया। शिविर में प्रदेश के लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने कहा कि सरकार की योजनाओं का सभी पात्र व्यक्तियों को लाभ मिलेगा। राशि की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। इस अवसर पर 15 दिव्यांगों को ट्रायसाईकिल का वितरण किया।

अनाथ, एकल माता पिता दिव्यांग गंभीर बीमारी से ग्रसित बच्चा की भारी उपस्थिति रही। सुनवाई के लिए बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सचिव शक्ति सिंह मध्य भारत प्रांत के प्रभारी लखन विश्वकर्मा टीम के साथ उपस्थित रहे। शिविर में दिव्यांग प्रमाण पत्र, आधार कार्ड अपडेशन, आयुष्मान कार्ड, उज्जवला योजना, वृद्धावस्था पेंशन, समग्र कार्ड, शौचालय इत्यादि के आए 800 से अधिक में से 203 आवेदनों का निराकरण किया गया।

पात्र हितग्राहियों को मिलेगा लाभ- शिविर में प्रदेश के लोक स्वा. परिवार कल्याण राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटैल ने कहा कि प्रत्येक पात्र हितग्राही को योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। पटैल ने सेवा भारती के कार्यो की सराहना की। दिव्यांगों की शिक्षा के लिए शुभम धाकड़, प्रीति धाकड़ द्वारा संचालित विशेष संस्थान के छात्रों के प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में एसडीएम संतोष मुदगल, एसडीओपी सुरेश दामले, बीएमओ हेमंत यादव, जनपद सीईओ खान, जनपद अध्यक्ष प्रभा पटैल, सीएमओ हरिशंकर वर्मा, विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ नपं अध्यक्ष हेमंत चौधरी उपा. नेपाल सिंह राजपूत, सेवा भारती के जिला अध्यक्ष दिनेश राजौरिया, शेरसिंह चोधरी, अवध नारायण सक्सेना, हीरेन्द्र मालवीय, किशोर सिंह ठाकुर, राजकुमार ठाकुर, सेवा भारती के संस्कार केन्द्रों की शिक्षिकाओं सहित सैकड़ों लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन बीएस किरार ने किया। एसडीएम संतोष मुदगल ने शिविर आयोजन के संबंध में विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई।

## खबर संक्षेप

### बैलेंस वेलस्पन ग्रुप द्वारा लगाया स्वास्थ्य शिविर

**दीवानगंज।** गुरुवार को सांची विकासखंड के ग्राम पंचायत अंबाडी कार्यालय प्रांगण में वेलस्पन ग्रुप के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण स्वास्थ्य की जांच कर निशुल्क दवाएं दी गई। शिविर में 280 लोगों की जांच कर दवाई दी गई। इस मौके पर ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि रमेश कुमार, कमल सिंह मीणा, युवा नेता हरिओम साहू ग्रामीण सहित वेलस्पन ग्रुप के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### कलेक्ट्रेट में राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान का हुआ गायन

**रायसेन।** माह फरवरी के प्रथम कार्य दिवस पर कलेक्टर अरविंद दुबे की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट कार्यालय में अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रगीत वंदे-मातरम एवं राष्ट्रगान जन-गण-मन का सामूहिक गायन किया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर पीसी शाक्य और डिप्टी कलेक्टर अल्का सिंह भी उपस्थित रहीं।

### पंच कल्याणक का आमंत्रण देने सिलवानी आए बंधु

**सिलवानी।** दमोह जिले के खरेड़ी ग्राम में पंच कल्याणक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का आमंत्रण तारण तरण दिगंबर जैन समाज को देने के लिए बड़ी संख्या में समाज बंधु मंगल पंच कल्याणक रथ लेकर बुधवार की रात्रि को सिलवानी आए। तथा श्रीतारण तरण जैन चैत्यालय में स्थानीय समाजजनो से भेंट कर उन्हे कार्यक्रम में शामिल होने का मंगल आमंत्रण दिया। इस मौके पर श्रीतारण तरण जैन समाज के अध्यक्ष सवाई सेठ जयबाबू जैन, पंडित जयकुमार जैन, राकेश समैया, समकित शास्त्री, नियम शास्त्री, सुधीर कुमार जैन, राजेश खन्ना, सुनील तारण, नीलेश समैया आदि मौजूद रहे।

### बच्चों की मैपिंग के लिए बरेली देवरी में शिविर

**रायसेन।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा गुरूवार को जिले के बरेली और देवरी में सेवा भारती व जिला प्रशासन के सहयोग से जोखिमग्रस्त परिवारों की मैपिंग के आधार पर बच्चों व परिवारों को भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं से जोड़ने हेतु शिविर का आयोजन किया गया। जिनमें 700 से अधिक व्यक्तिगत मामले प्राप्त हुए। जिनमें बच्चों व उनके परिवारों को भारत सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किए जाने की प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी।

### लोसेकें में प्रोसेसिंग शुल्क 40 से घटाकर 20 किया

**रायसेन।** लोक सेवा प्रबंधन विभाग ने लोक सेवाओं के प्रदाय की गारंटी अधिनियम में संचालित समस्त लोक सेवा केन्द्रों में प्रति आवेदन के लिए ली जा रही प्रोसेसिंग शुल्क राशि 40 रूपये को घटाकर 20 रूपये कर दिया है। जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि प्रोसेसिंग शुल्क 20 रूपये में से 15 रूपये लोक सेवा केन्द्र संचालक को और 5 रूपये जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी को दिए जायेंगे। यह आदेश 20 सितम्बर, 2023 से प्रभावशील होगा।

### कलेक्टर-एसपी की निगरानी में सामग्रियों का किया वितरण

# जिले के 81 केंद्रों पर 33 हजार विद्यार्थी देंगे इम्तिहान, 5 से शुरू होंगी परीक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं 5 फरवरी से प्रारंभ हो रही है। इन परीक्षाओं को लेकर गुरुवार को शहर के सागर रोड स्थित शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में परीक्षा दलों को परीक्षा की सामग्रियों का वितरण किया गया। इस मौके पर कलेक्टर अरविंद दुबे, एसपी विकास कुमार शाहवाल तथा जिला शिक्षा अधिकारी एमएल राठौरिया सहित केंद्रध्यक्ष मौजूद थे।

सामग्री वितरण के मौके पर कलेक्टर अरविंद दुबे ने उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षा काफी शांतिपूर्ण और गंभीरता के साथ कराएं। हर बार परीक्षा कराने में नए चैलेंज आते हैं। लेकिन मुझे पूरा भरोसा है कि हमारी टीम जिसमें आप सब लोग हैं। हम सब लोग मिलकर इस परीक्षा को भी बेहतर तरीके से संपन्न कराएंगे। उन्होंने कहा कि धोखाधड़ी और चीटिंग से बचने के लिए मोबाइल पूरी तरीके से बैन किया गया है सिर्फ कलेक्टर प्रतिनिधि के पास ही मोबाइल रहेगा जो हर केंद्र पर मौजूद रहेंगे। कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा केंद्रध्यक्षों को नियुक्ति पत्र सौंपा।





### सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था रहेगी

एसपी विकास कुमार शाहवाल ने कहा कि हम सभी केंद्र पर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था रहेगी साथ ही जो संवेदनशील केंद्र हैं, उन पर विशेष कर से पुलिस बल मौजूद रहेगा। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी एमएल राठौरिया ने बताया कि परीक्षा को लेकर जिले में 81 केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें से 9 केंद्र संवेदनशील है। लगभग 33 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे। वहीं नकल को रोकने के भी विशेष टीम बनाई जाएगी।

### परीक्षा की तैयारियों में लगे विद्यार्थी

5 फरवरी से प्रारंभ हो रही कक्षा 10वी और 12वीं की परीक्षाओं को लेकर विद्यार्थियों द्वारा जोरो से तैयारियों की जा रही है। छात्रछात्राओं ने बताया कि परीक्षाओं को लेकर उन्होंने पढ़ाई का समय बढ़ा दिया है स्कूल से आने के बाद भी पढ़ाई कर रहे है, सुबह के समय जल्दी उठकर जिस सब्जेक्ट में परेशानी हो रही है उसको विशेष रूप से पढ़ रहे है। साथ ही शिक्षकों की सहायता से गणित एवं अन्य बिषयों के प्रश्नों को हल कर रहे है, ताकि परीक्षा देते समय प्रश्नपत्र में आये प्रश्नों को आसानी से हल किया जा सके।

### नकल को रोकन उड़नदस्ता टीम का होगा गठन

बोर्ड की परीक्षाओं में नकल को रोकने के लिए उड़नदस्ता दल का गठन किय जाएगा, जिससे नकल पर नकेल कस सके। वहीं सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस द्वारा व्यवस्था चाक चौबंद रहेगी।

# शाला बंद मिलने पर संबंधितो का वेतन काटने के आदेश

## 11 जनवरी को परियोजना एवं सहायक परि. अधिकारी ने किया था निरीक्षण

◆ गैरतगंज के बोरपानी में एकीकृत माध्यमिक शाला का निरीक्षण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में क्षेत्रों का भ्रमण कर स्कूल, आंगनवाड़ी, स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण करने, शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन, विकास तथा निर्माण कार्यो की प्रगति का अवलोकन करने के कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में गत 11 जनवरी को परियोजना अधिकारी एवं सहायक परियोजना अधिकारी जिला पंचायत द्वारा गैरतगंज विकासखंड के बोरपानी में एकीकृत माध्यमिक शाला का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान दोपहर 3.45 बजे शाला बंद पाई गई। शाला में ताले लगे हुए थे तथा शिक्षक और विद्यार्थी शाला में अनपुस्थित थे।

*निरीक्षण के दौरान मध्यान्ह भोजन वितरण करने वाले स्व-सहायता समूह द्वारा भी विगत दो दिन से छात्र-छात्राओं को मध्यान्ह भोजन वितरित नहीं किया। जिस पर जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया द्वारा संबंधितों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर उत्तर देने के निर्देश दिए थे। संबंधितों द्वारा प्रस्तुत उत्तर समाधानकारक न होने पर जिपं सीईओ ने ब्लॉक स्त्रोत समंवयक गैरतगंज आलोक राजपूत, संकुल केन्द्र देवनगर के संकुल प्राचार्य आरडी साहू, एकीकृत माध्यमिक शाला बोरपानी के प्रधानाध्यापक सोनू सिंह सोयाम, जनशिक्षक तथा नोडल अधिकारी एमडीएम सुनील वर्मा, जनशिक्षक तथा नोडल अधिकारी एमडीएम शैलेन्द्र याज्ञिक, एकीकृत माध्यमिक शाला बोरपानी के प्राथमिक शिक्षक सुनीता याज्ञिक व दिनेश याज्ञिक और शासकीय प्राथमिक शाला पाठाखेडा के सहायक शिक्षक सुशील कुमार खरे का माह जनवरी का एक दिवस का वेतन काटने के आदेश दिए हैं।*

# अपनी मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के साथ सहायिकाओं ने किया धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



**प्रदर्शन कर रही कार्यकर्ताओं ने की नारेबाजी, रैली निकालकर सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन**

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं और मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपनी जायज मांगों को लेकर सांची मार्ग पर स्थित चिनार पार्क में धरना प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की गई। इसके साथ ही कलेक्ट्रेट कार्यालय तक रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

प्रदेशाध्यक्ष वसुधा मिश्रा और जिला अध्यक्ष प्रीति शर्मा ने बताया कि महिला व बाल विकास विभाग के अंतर्गत कार्यरत सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं और मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पिछले तीन माह से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। जबकि हर माह की 5 तारीख तक मानदेय का भुगतान शासन के आदेश अनुसार किया जाना सुनिश्चित किया है। साथी आंगनबाड़ी केंद्र जो कि किराए के भवन में संचालित हो रहे हैं। उनका भवन किराए प्रति माह की 5 तारीख तक भुगतान किया जाए।

केंद्र शासन के आदेश अनुसार मध्य प्रदेश में मिनी आंगनबाड़ी केंद्र को पूर्ण केंद्र में उन्नयन कर मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को फूल कार्यकर्ता मानते हुए। सहायिका सहित समस्त सुविधाएं प्रदान की जाए। इन्हीं मांगों को लेकर आज धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा है।

# सरस्वती शिशु मंदिर बम्होरी के वार्षिक उत्सव में शामिल हुए राज्य मंत्री पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

संपूर्ण भारत देश में सरस्वती शिशु मन्दिर विद्यालय शिक्षा के साथ संस्कार भी देने का पुनीत कार्य कर रहे हैं। शिक्षा तो बहुत विद्यालय दे रहे हैं लेकिन भारतीय संस्कृति, ज्ञान परम्परा को आगे बढ़ाने कार्य सामाजिक समरसता और युवा पीढ़ी में देशभक्ति की भावना पैदा करने का सकारात्मक प्रयास यह विद्यालय कर रहे हैं।

यह उद्गार स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने व्यक्त किए। वह विद्या भारती मध्य भारत प्रांत द्वारा मार्गदर्शित भोजपुर ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला रायसेन द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मन्दिर विद्यालय बम्हौरी कस्बा में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए।



कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह राजपूत भी मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए।

समिति के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राजपूत ने भी संबोधित किया।

# 1398 लोगों को उद्यम स्थापना के लिए 3253.93 लाख का ऋण किया वितरित

## कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

बुधवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जिला स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम का जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, नगर पालिका अध्यक्ष सविता सेन तथा कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा कन्या पूजन और दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष ने संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा युवाओं को रोजगार से जोड़ने, उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रहीं हैं। नपाध्यक्ष ने कहा कि युवाओं को रोजगार से जोड़ने के साथ ही सरकार द्वारा महिलाओं को भी आजीविका मिशन और स्व-सहायता समूहों के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराते हुए आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। आज अनेक महिलाएं ना सिर्फ स्वयं आत्मनिर्भर बन रहीं हैं बल्कि अन्य लोगों को भी रोजगार से जोड़ रहीं हैं।




कार्यक्रम में कलेक्टर ने कहा कि आज जिले में भारत सरकार एवं मप्र शासन द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, ग्रामीण तथा शहरी आजीविका मिशन, सहित अन्य रोजगारमूलक योजनाओं में कुल 1398 पात्र हितग्राहियों को उद्यम स्थापना हेतु 3253.93 लाख रू के ऋण प्रकरण स्वीकृत एवं वितरित किए गए हैं।

# सैकड़ों एकड़ शासकीय भूमि अवैध कब्जे में, विभाग बेसुध

**सैकड़ों एकड़ भूमि वर्षो से अवैध कब्जे में है, जिसकी विभाग ने सुध आज तक नहीं ली**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

किसानों की निजी भूमि से अवैध कब्जा हटाने वाला स्थानीय प्रशासन अपनी ही शासकीय भूमि से आप करने को बेदखल करने में फिसड्डी साबित हो रहा है। समूची क्षेत्र की सैकड़ों एकड़ भूमि वर्षों से अवैध कब्जे में है, जिसकी विभाग ने सुध तक नहीं ली है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील मुख्यालय सहित समूचे तहसील क्षेत्र में सैकड़ों एकड शासकीय भूमि है जो सरकारी रिकार्ड में तालाब, गोठान, कब्रिस्तान, शमशान, गोहे, रास्ता, सेवाभूमि आदि नामों से दर्ज है। इन भूमियों पर गांवों के ही रसूखदार व्यक्तियों के अवैध कब्जे है। तहसील मुख्यालय पर स्थित गोहे निजी संपत्ति का हिस्सा बन गए गए है। इन गोहों पर पक्के आवासीय मकान, दुकान तने है तो कहीं बेरोकटोक व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में स्थित शासकीय भूमि और गोहे निजी भूमि में विलिन हो चुके है। अतिक्रमणकारी रसूखदारों के हौसले इतने बुलंद है कि शासन के नियमानुसार ग्राम कोटवारों को आवंटित शासकीय सेवा भूमि पर गांवों के रसूखदारों ने कब्जा कर लिया है। गहन खोजबीन से ज्ञात हुआ है कि तहसील के अधिकांश कोटवारों को कागजों पर दस एकड़ सेवाभूमि आवंटित की गई है, परन्तु मौके पर किसी के पास दो एकड तो किसी के पास 3 से 4 फूड भूमि है शेष भूमि पर अवैध कब्जा है। बताया जाता है कई बार सेवा- भूमि पर अवैध कब्जे की ओर संबंधित अधिकारियों का ध्यानाकर्षित किया परन्तु अवैध कब्जा हटाने के बजाए या तो कोटवार को हटा दिया या फिर शिकायत से आंखें मूंद ली। इससे स्पष्ट है कि अधिकारियों पर रसूखदारों व्यक्ति हावी है। अतिक्रमणकारी रसूखदारों में अधिकांश सत्तापक्ष से निकटता से जुड़े है। लिहाजा इनके सामने प्रशासन और नियम-कायदें बौने साबित हो रहे है।



**इनका कहना है**

मामले में जांच की जाएगी, अतिक्रमण मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।
- **प्रमोद उईके,** तहसीलदार बाड़ी

## आज ब्रह्मचारी जी महाराज बापौली धाम के मुखारविंद से बरसेगी अमृतवाणी

# मानस सम्मेलन से पूर्व ग्राम में निकाली कलश यात्रा

**राम की भक्ति हमारी सनातन परंपरा का मुख्य अंग है, राम भक्ति से मानव के जीवन में परम शांति की प्राप्ति होती है: पंडित सुरेंद्र**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

इस समय संपूर्ण भारत में राम भक्ति की धारा बह रहा है, जिसमें सभी लोग अपने आप को समाहित कर आनंदित हो रहे हैं। राम की भक्ति के माध्यम से व्यक्ति का जीवन सुखमय होता है। रामचरितमानस मानव जीवन के विभिन्न मूल्य की स्थापना हेतु बहुत अनिवार्य है। इसके माध्यम से मानव के जीवन में पवित्र मूल्यों का विकास होता है जिससे कि मनुष्य अपना जीवन जीने की पद्धति को जानकर अपने जीवन को सफल कर सकता है।

यह उद्गार कथा व्यास पंडित सुरेंद्र शास्त्री उदयपुरा ने व्यक्त किए। वह मुआर ग्राम में आयोजित श्रीराम चरित मानस सम्मेलन के प्रथम दिवस गुरुवार को कथा स्थल पर मौजूद श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुचें। उन्होंने बताया कि राम की भक्ति हमारी सनातन परंपरा का मुख्य अंग है। राम भक्ति से मानव के जीवन में परम शांति की प्राप्ति होती है और राम भक्त संसार में रहते हुए भी राम के चरणों मंय अपने आप को लगाये रहता है, जिससे कि उसका जीवन धन्य हो जाता है।



कार्यक्रम को अन्य विद्वान वक्ताओं ने भी संबोधित करते हुए संसार में जीवन कैसे जीना चाहिए एवं अपने कर्तव्यों का विधिवत कैसे पालन करते हुए इस अमूल्य मानव जीवन को सार्थकता में लगाते हुए अपने जीवन को जीना चाहिए यह बताया। कार्यक्रम में पंडित विष्णु दत्त शास्त्री, महंत कमल नयन दास, महाराज, राजेंद्र शास्त्री आदि के द्वारा सहभागिता कर श्रीराम की कथा का श्रवण कराया जा रहा है।

### निकाली गई कलश यात्रा

*श्रीराम चरित मानस सम्मेलन प्रारंभ से पूर्व ग्राम में शोभा यात्रा निकाली गई। जो कि खेरापति मंदिरिसे प्रारंभ होकर ग्राम के मुख्य मार्गो से होती हुई कथा सथल माँ टेकरी धाम पहुची। कलश यात्रा में महिलाए सिर पर कलश रखे मंगल भजनो का गायन कर रही थी। वहीं युवा भजनो पर थिरकते हुए चल रहे थे। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सम्मेलन के द्वितीय दिवस शुक्रवार को ब्रम्हचारी जी महाराज वापौली धाम कार्यक्रम में सहभागिता कर श्रद्धालुओं को आशीष वचन देंगे।*

# सीएम राइज स्कूल के विद्यार्थियों को कराया शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

सीएम राइज शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिलवानी में संचालित नवीन व्यवसायिक शिक्षा योजना स्टार प्रोजेक्ट के अंतर्गत संचालित ट्रेड आईटी, आईटीआईटीईस एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर के कक्षा 9वी एवं 10वीं के लगभग 80 छात्र छात्राओं को आर्यभट्ट कॉलेज आफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी कॉलेज उदयपुरा जिला रायसेन का भ्रमण कराया गया कॉलेज जिसमें संस्था के प्राचार्य द्वारा छात्र छात्राओं को व्यवसायिक शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, औद्योगिक प्रशिक्षण, कंप्यूटर लैब एवं प्रैक्टिकल कराकर जानकारी दी गई ।

इसके साथ ही भ्रमण में गाडरवारा स्थित डमरू घाटी का भ्रमण भी कराया गया। जिसमें व्यवसायिक शिक्षक प्रशिक्षक आकाश चौरसिया (आईटी) एवं अमित रघुवंशी, किरण रघुवंशी, कुमारी प्रियंका विश्वकर्मा के द्वारा मौजूद रह कर छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया।

